Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to start flights from the Forbesganj airport in Bihar.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ कि बड़े ही लोक महत्व के विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं अररिया लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ, नेपाल की सीमा से हूँ । मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद करता हूँ और आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने उड़ान योजना के तहत देश में काम किया है । हमारे यहाँ फारबिसगंज एक क्षेत्र है जो नेपाल से सटा है । वहां पर एयरपोर्ट ऑलरेडी बना हुआ है । मैं आपके माध्यम से चाहता हूँ कि फारबिसगंज एयरपोर्ट की ऑलरेडी बाउंड्रीवॉल की हुई है । मैं नेपाल की सीमा से आता हूँ । वर्ष 1962 में जब चीन और इंडिया का युद्ध हुआ था, तो उस वक्त वह एयरपोर्ट बनाया था । जनहित की दृष्टि से और भारत की सुरक्षा की दृष्टि से भी वह एयरपोर्ट चालू हो जाए तो लोगों को वहां से आने-जाने की सुविधा मिलेगी और हमारे क्षेत्र का डेवलपमेंट होगा । महोदय, आधा मिनट दे दीजिए ।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please conclude. You have made your point.